हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 15 अप्रैल 2026



# दो साल के भीतर शुरू होगा सीजीबी संयंत्र, 25 साल तक कंपनी बनाएगी ईंधन-खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बोरईडीह में 100 करोड़ की लागत से प्रस्तावित आधुनिक सीजीबी प्लांट के लिए प्रशासन ने दस एकड़ मुहैया करा दी है। भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड ने दो साल के भीतर संयंत्र की न सिर्फ स्थापना करने का लक्ष्य निर्धारित किया है, बल्कि 25 साल तक इसे खुद संचालित करने का भी अनुबंध किया है। राजनांदगांव शहर सहित आसपास के निकायों से निकलने वाले गीले कचरे से बायोगैस के साथ-साथ जैविक खाद का उत्पादन किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि शहर सहित जिलेभर के निकायों को सर्वाधिक तौर पर गीले और सूखे कचरे के निष्पादन से जूझना पड़ता है। इन दिक्कतों को दूर करने के लिए भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने छत्तीसगढ़ के 13 स्थानों में सीजीबी संयंत्र की स्थापना करने की तैयारी की है। राजनांदगांव के बोरईडीह में प्रशासन ने दस एकड़ की जमीन मुहैया करा दी है। विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में कंपनी और नगर निगम के बीच एमओयू की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही अब निर्माण काम शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। सूत्रों ने बताया कि अनुबंध के तहत भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन द्वारा दो साल के भीतर प्लांट की स्थापना की जाएगी। यही नहीं कंपनी ने 25 साल तक इसे स्वयं संचालित करने का भी अनुबंध किया है। इससे ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि कचरे से कंचन बनाने की दिशा में शहर को एक बड़ी सौगात मिली है।

अलग खबर

## कचरे से बनेगा कंचनः राजनांदगांव के बोरईडीह में 10 एकड़ में बनेगा संयंत्र

### जैविक खाद की मांग

सीजीबी संयंत्र से बायोगैस के साथ साथ जैविक खाद का उत्पादन किया जाएगा। बताया जाता है कि जैविक खाद की सर्वाधिक मांग है। यही कारण है कि कंपनी इस खाद को किसानों को बेचेगी।

राजनांदगांव निगम द्वारा अभी अपने स्तर पर खाद का उत्पादन किया जा रहा है। पाईप लाइन के जरिये बायोगैस की सप्लाई करने का लक्ष्य रखा गया है।



### जमीन आबंटित



बोरईडीह में नगर निगम को इस प्लांट के लिए दस एकड़ से ज्यादा जमीन आबंटित कर दी गई है। भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा शीघ्र निर्माण काम शुरू किया जाएगा।

- जितेन्द्र यादव, कलेक्टर

### मिलेगा रोजगार

इस संयंत्र की स्थापना से क्षेत्र के लगभग 100 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। इसके अतिरिक्त कचरा संग्रहण और परिवहन में भी अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। पूर्ण क्षमता पर चलने पर इस संयंत्र से सरकार को प्रतिवर्ष लगभग 1 करोड़ रुपए का जीएसटीराजस्व प्राप्त होने का अनुमान है।

### निकलता है प्रतिदिन 30 टन गीला कचरा

राजनांदगांव शहर से प्रतिदिन 82 टन कचरा निकलता है। जिसमें 30 टन गीला कचरा शामिल होता है। संयंत्र की स्थापना के बाद गीले कचरे से ईंधन और जैविक खाद का उत्पादन किया जाएगा। प्लांट के लिए प्रतिदिन 125 टन कचरे की जरूरत होगी। इसके लिए आसपास के निकायों के साथ पैरा का उपयोग किया जाएगा।

# राजनांदगांव और मोहला में टूटा रिकार्ड खैरागढ़ में जमीन का कारोबार रहा मंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्य सरकार द्वारा जमीन के सरकारी दाम में की गई बेतहाशा बढ़ोत्तरी का असर रियल स्टेट के कारोबार में साफतौर पर दिखाई दे रहा है। पिछले साल की तुलना में अविभाजित जिले में जहां 1869 कम रजिस्ट्री हुई है। वहीं 140 करोड़ रुपए के निर्धारित लक्ष्य पर पंजीयन कार्यालय ने 139 करोड़ रुपए का राजस्व वसूल किया है। सरकारी दामों में इजाफे के बाद भी करीब 99 फीसदी टारगेट को पूरा किया गया है। इधर वित्तीय वर्ष में राजनांदगांव और मोहला में कारोबारियों ने जमीन खरीदने अच्छी खासी रूचि दिखाई है। वहीं खैरागढ़ में सिर्फ 65 फीसदी ही राजस्व मिला है।

उल्लेखनीय है कि पिछले वित्तीय वर्ष में राज्य सरकार ने जमीन के सरकारी दामों में बेतहाशा बढ़ोत्तरी की थी। प्रदेशभर में हुए आंदोलन के चलते तीन से चार माह तक चले मंथन के बाद जनवरी माह में संशोधित आदेश जारी किए गए थे। इस आदेश में कुछ इलाकों के दामों को जस का तस रखा गया था। वहीं कुछ में कमी लाई गई थी। ऐसा माना जा रहा है कि रियल स्टेट से जुड़े कारोबारी पिछले साल रेट को लेकर अच्छे खासे हलाकान भी रहे। जिसके कारण वित्तीय वर्ष में पंजीयन में कमी आई है। सूत्रों ने बताया कि 2024-2025 में राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और मोहला-मानपुर-चौकी जिले में 26 हजार 341 रजिसट्रियां हुई थी, लेकिन 2025-26 में 24 हजार 472 रजिस्ट्री हुई है। इस तरह 1869 कम रजिस्ट्री होने के बाद भी पंजीयन दफ्तर ने 140 करोड़ रुपए के सालाना टारगेट में 139 करोड़ रुपए वसूल कर लिया है। अकेले राजनांदगांव शहर को 77 करोड़ रुपए का लक्ष्य मिला था। जिसके विरूद्ध साढ़े 83 करोड़ रुपए का राजस्व मिला है। राजनांदगांव पंजीयन कार्यालय ने 108 फीसदी का राजस्व वसूल किया है। इधर मोहला में जमीन की खरीदी-बिक्री करने के लिए कारोबारियों ने अच्छी खासी रूचि दिखाई है। यहां 122 फीसदी राजस्व वसूल किया गया है। वहीं नवगठित खैरागढ़ जिले में पिछले साल जमीन का कारोबार काफी मंदा रहा। आंकड़ों की माने तो यहां 65 फीसदी ही मिला पाया है।

## रजिस्ट्री कम फिर भी राजस्व में बढ़ोतरी



### छुरिया और डोंगरगढ़ में पंजीयन कम

डोंगरगढ़ में इस साल रजिस्ट्री का टारगेट 96 फीसदी पूरा हो पाया। यही हाल छुरिया का रहा, जहां 73 फीसदी टारगेट पूरा हुआ। इधर गंडई में 80 फीसदी, चौकी में शत-प्रतिशत, डोंगरगांव में 121 फीसदी लक्ष्य पूरा हुआ है।

### प्रोजेक्ट के लिए बैन

राजनांदगांव और डोंगरगढ़ इलाके में प्रस्तावित कुछ प्रोजेक्ट के लिए पिछले एक साल से कई गांव की जमीनों की रजिस्ट्री पर रोक लगी हुई है। राजनांदगांव में प्रस्तावित बायपास और डोंगरगढ़ में कारीडोर के अलावा कुछ प्रस्तावित प्रोजेक्ट के लिए सर्वे का काम चल रहा है। कई गांव में रजिस्ट्री पर बेन होने के कारण भी कारोबारी खरीदी-बिक्री नहीं कर पा रहे हैं।

### खैरागढ़ की बजाए छुईखदान में ज्यादा रूचि

जमीन कारोबारियों ने वित्तीय वर्ष में खैरागढ़ की बजाय छुईखदान में जमीन खरीदने में ज्यादा रूचि दिखाई है। खैरागढ़ में जहां सिर्फ 65 फीसदी राजस्व हासिल हुआ है। वहीं छुईखदान में 130 फीसदी का लक्ष्य पूरा किया है। ऐसा माना जा रहा है कि इस इलाके में प्रस्तावित प्रोजेक्ट को देखते हुए कारोबारियों ने यहां जमीन खरीदने में ज्यादा रूचि दिखाई है।

# छेड़छाड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

- रास्ता रोककर पीड़िता को करता था परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पीड़िता के साथ जोर जबरदस्ती करने वाले 23 वर्षीय आरोपी अजय दास मानिकपुरी को घुमका पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि बीते 30 मार्च को जब वह अपने घर पर थी, तभी आरोपी आया और पीडिता को मेरे साथ चल कहकर जबरदस्ती करने लगा और विरोध करने पर पीड़िता के साथ गंदी-गंदी गाली गलौज करते हुए हांथ, बांह को पकडकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने कोशिश करने लगा। जिसे मना करने पर पीड़िता को जान से मारने देने की धमकी देने लगा। पीड़िता ने घटना के संबंध में अपने परिजनों को बताया उसके बाद पीडिता ने अपनी मां के साथ घुमका थाना पहुंचकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। जिस पर थाना घुमका के द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण महिला संबंधित होने पर मामले को गंभीरता से लिया और आरोपी की पतासाजी करते ग्राम भठली थाना साल्हेवारा जिला केसीजी से आरोपी को पकड़ हिरासत में लिया गया । आरोपी द्वारा घटना कारित करना स्वीकार करने पर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष रिमांड हेतु पेश किया गया है।

0 **राजनांदगांव।** मौसम में बदलाव के चलते मच्छरों का प्रकोप बढ़ने लगा है। साफ-सफाई के अभाव एवं दवाओं का छिड़काव नहीं होने के कारण भी मच्छरों की संख्या में इजाफा होने लगा है।

## मॉय एंगल




# गर्म हवाओं के आगमन से तापमान 41 डिग्री के पार, हीट वेव का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

उत्तर से आ रही गर्म हवाओं की वजह से अंचल में एक बार फिर गर्मी बढ़ गई है। अधिकतम तापमान जहां 41 डिग्री को पार कर गया है। वहीं आने वाले 72 घंटों में इसके 45 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। इधर बढ़ती गर्मी के बीच मौसम विभाग ने प्रदेश के मध्य भाग यानि अविभाजित राजनांदगांव जिले में हीट वेव चलने का अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका दक्षिणी असम से दक्षिण तमिलनाडु तक, झारखंड, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, अंदरुनी कर्नाटक होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक स्थित है। दूसरा उत्तर दक्षिण द्रोणिका 89 डिग्री पूर्व में 1.5 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। एक प्रति चक्रवात कर्नाटक और उससे लगे महाराष्ट्र के ऊपर 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। जिसके चलते अंचल में लगातार तापमान में वृद्धि का दौर देखने को मिल रहा है, जो आगामी दिनों में भी जारी



रहने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को राजनांदगांव जिले का न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री पर रहा।

### मध्य भाग में चलेगी गर्म हवाएं

प्रदेश में कल 15 अप्रैल को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में गर्म हवाओं के आगमन के कारण अधिकतम तापमान में लगातार वृद्धि होने की संभावना है। प्रदेश के मध्य भाग में 15 अप्रैल से एक-दो पैकेट में ग्रीष्म लहर चलने अथवा ग्रीष्म लहर जैसी स्थिति बनने की संभावना है। बस्तर संभाग और सरगुजा संभाग के जिलों में अधिकतम तापमान में हल्की उतार-चढ़ाव के साथ कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

## अंबेडकर जयंती पर जिलेभर में मना जश्न

# अंबेडकर जयंती पर शहर में निकली शोभायात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर शहर में बौद्ध समाज द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। समाज के लोगों द्वारा सुबह कलेक्टोरेट कार्यालय स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

वहीं देर शाम शहर के विभिन्न वार्डों से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में अलग-अलग वार्डों से बाबा साहब की आकर्षक झांकियां बनाई गई थी । शोभायात्रा शहर के अलग-अलग वार्डों से निकलकर सिविल लाइन स्थित अंबेडकर सांस्कृतिक मंगल भवन पहुंची, जहां विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह आयोजित किया गया।





### बाबा साहब को किया नमन

सिविल लाइन स्थित अंबेडकर मंगल भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रार्थना सभा में अन्य समाज के लोग शामिल होते हुए बाबा साहब अंबेडकर द्वारा शोषित, दलितों और पिछड़ों के उत्थान के लिए किए गए कार्यों को याद किया। वहीं शोभायात्रा में शामिल होकर समाज के लोगों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जयघोष के नारे लगाए और जमकर झूमे।

### संविधान की प्रस्तावना का पठन

बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती पर कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जहां समाज के अनुयायियों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए मोमबत्ती जलाकर बाबा अंबेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान समाज के लोगों ने समाजवाद , धर्मनिरपेक्षता, भारत की एकता, अखंडता बनाए रखने को लेकर शपथ लिया और संविधान की प्रस्तावना का पठन किया।



## खबर संक्षेप




### छात्र-छात्राओं ने किया देवी दर्शन

**डोंगरगढ़।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड के छात्र-छात्राएं प्राचार्य आत्माराम साहू के नेतृत्व एवं व्याख्याता हेमंत रजक, लवेश गुप्ता, रामेश्वर साहू के मार्गदर्शन में मां बमलेश्वरी मंदिर के दर्शन के लिए पहुंचे। उन्होंने पहाड़ी की प्राकृतिक छटा के साथ ऐतिहासिक तथ्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। मां बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट में प्राचार्य, शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मंडल भाजपा के मंत्री कैलाश सोनवानी ने सभी को दर्शन करवा कर ऐतिहासिक तथ्यों की जानकारी दी। मंदिर समिति के सचिव महेंद्र सिंह परिहार ने सभी को माता रानी का प्रसाद वितरण किया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जनसंपर्क



**डोंगरगढ़।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर के निर्देशानुसार तथा जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में जिला किसान मोर्चा राजनांदगांव एवं डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल द्वारा गांव चलो, घर चलो अभियान के तहत व्यापक जनसंपर्क किया गया। अभियान अंतर्गत ग्राम ढारा, तोतलभार्री, घोटिया, ठाकुर टोला (को) तथा बेलगांव में कार्यकर्ताओं ने आमजनों एवं हितग्राहियों से चर्चा किया। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों की समस्याएं सुनी गईं। इस दौरान महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, विजेन्द्र सिंह ठाकुर, मनीष सोनी, गुलाब चंदेल, अनिल सिन्हा, रवि यादव, छबिल साहू, कविता मंडावी, नीरज छैदया, धरमचंद वर्मा, अमर साहू, झुलेन्द्र वर्मा, हरदेव वर्मा, ईशु वर्मा, हेमकुमार साहू, अर्जुन वर्मा, सेवक वर्मा, संतोष वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

## निधन

### भेलसिंग वर्मा



**डोंगरगढ़।** स्थानीय छग शिक्षक संघ के कोषाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त प्रधान पाठक भेलसिंग वर्मा का एक धार्मिक यात्रा के दौरान मप्र में सड़क दुर्घटना में निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार कल 15 अप्रैल को छिरपानी मुक्तिधाम में किया जाएगा। श्री वर्मा छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक भी थे।

### नकुलराम गजेंद्र



**डोंगरगढ़।** भण्डारपुर निवासी नकुलराम गजेंद्र का रायपुर में इलाज के दौरान गत 12 अप्रैल को स्वर्गवास हो गया। वह 78 वर्ष के थे । वह 8 जनवरी से ब्रेन स्ट्रोक के पश्चात अस्पताल में भर्ती थे। श्री गजेंद्र कृषि विभाग में ग्रामसेवक के पद पर कार्यरत थे। वह शिक्षक त्रिभुवन सिन्हा के पिता थे।

### गजेंद्र ठाकुर



**डोंगरगढ़।** महावीर पारा निवासी गजेंद्र ठाकुर का निधन हो गया। बताया जाता है कि वह अयोध्या जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में ही हृदयघात होने के कारण निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 14 अप्रैल को मुक्तिधाम में किया गया। वह कांग्रेस नेता प्रमोद ठाकुर के भाई थे।

## जनप्रतिनिधियों ने अर्पित किया श्रद्धा सुमन, योगदान पर डाला विस्तार से प्रकाश

# जय भीम की गूंज के साथ मनाई गई जयंती







**हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया**

संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 136 वीं जयंती के अवसर पर मंडल भाजपा ने कार्यक्रम का आयोजन किया। मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात आयोजित विचार संगोष्ठी में वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर के जीवन संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि एवं वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब ने समाज के अंतिम व्यक्ति को अधिकार दिलाने और देश को एक सूत्र में पिरोने वाला संविधान देने का ऐतिहासिक कार्य किया है। उनके विचार आज भी देश के लिए प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, राजेश मेहता, जीवनदास रात्रे, लीलाराम साहू, रजेलाल पटेल, मंगल जैन, उमा चौबे, अंजनी देवांगन, भानुप्रताप साहू, जितेन्द्र पटेल, राकेश टंडन, संजय मनहरे, रतन खांडेकर, अशोक पटेल, दीना जंघेल, संजय राजपूत, तुलसीराम नागदौने, सीएल सहारे आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

नगर के वार्ड 7 स्थित अंबेडकर पार्क में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता एकत्रित हुए। यहां स्थापित बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने डॉ. बाबा साहेब अमर रहे के गगनभेदी नारे लगाए। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने कहा कि बाबा साहेब ने समाज के उत्थान के लिए शिक्षा को सबसे शक्तिशाली हथियार बताया था। उन्होंने कहा कि व्यक्ति अपनी योग्यता और क्षमता से ही उच्च पद प्राप्त करता है, इसलिए हर समस्या का डटकर सामना करते हुए शिक्षित होना अनिवार्य है। उन्होंने डॉ. अंबेडकर के संघर्षों और संविधान निर्माण में उनकी भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शोषित और वंचित वर्गों को न्याय दिलाने के लिए उनके द्वारा किया गया कार्य युगों तक प्रेरणा देता रहेगा।

इस अवसर पर पूर्व नपं अध्यक्ष चेतन देवांगन, ब्लॉक अध्यक्ष मन्नू चंदेल, किसान नेता रंजित सिंह, पार्षद दिलीप ओगरे, नारायण चतुर्वेदी, क्रांति ताम्रकार, विधायक प्रवक्ता अमित टंडन, नीलकमल रोडगे, कन्हैया कुर्रे, हेमलता ठाकुर, पुरुषोत्तम यादव सहित अन्य मौजूद थे।

### संविधान से मिला बराबरी का हक

**तुमडीबोड़।** निकटवर्ती ग्राम पेंडरवानी में डां अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सचिव सतीश कोठारी ने कहा कि आज का दिन हम सबके लिए प्रेरणा और संकल्प लेने का दिन है। भारत रत्न डॉ. आंबेडकर ने अपना पूरा जीवन दलित, शोषित और वंचित वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने हमें विश्व का सबसे श्रेष्ठ संविधान देकर सबकों को बराबरी का अधिकार दिलाया।इस मौके पर जीवनलाल पटेल, ममता वाघमारे, मेघा साहू, विदेशी पटेल, तोरणलाल निषाद, कोमल कोठारी, शिव लाऊत्रे, छगन टेम्बुरकर, परमेश्वर लाऊत्रे, राजेश सहारे, खेमदास साहू, रमेश लाऊत्रे, प्रदीप पटेल एवं ग्रामवासी मौजूद थे।

### आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प

**डोंगरगढ़।** भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर क्षेत्र में श्रद्धा और सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनप्रतिनिधियों ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में में वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और समाज उत्थान में दिए योगदानों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर वीरेन्द्र सोनी, दिलीप साहू, जितेंद्र सिन्हा, चंद्रेश श्रीवास, खोरबहरा सिन्हा, गजानन सोनकर, भानु सोनी, मनीष पटेल सहित पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अंबेडकर को किया नमन

**सड़क अतरिया।** ग्राम झुरानदी में मंगलवार को संविधान निर्माता डा. भीम राव अंबेडकर की 135 वी जयंती मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष विजय वर्मा थे। इस अवसर पर अतिथियों ने प्रतिमा की पूजा अर्चना कर पुष्प अर्पण किया। अतिथियों ने बाबा साहेब के संघर्षपूर्ण जीवन, विचार, व्यक्तित्व एवं सिद्धांत पर प्रकाश डाला। श्री वर्मा ने कहा कि आजादी के बाद देश के विभिन्न धर्मों को समानता एवं एकता के सुत्र में बांधने के लिए अंबेडकर साहेब ने संविधान का निर्माण किया। कार्यक्रम में कोसन कोसरे, विनोद रजक, भगवानी राम, कमलेश चंदेल, समयलाल, रवि शंकर बसोड़, जयराम बोरकर, केदार मेश्राम, चिंताराम, अरुण मेश्राम, रामगुलाम सहित अन्य उपस्थित थे।

## बाबा साहेब अंबेडकर ने दी समाज को नई दिशा



**डोंगरगांव।** भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती शहर में धूमधाम से मनाई गई। नगर के वार्ड 12 स्थित बौद्ध विहार में आयोजित कार्यक्रम में बाबा साहेब को फूल माला अर्पित कर याद किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने डां. अंबेडकर तथा तथागत भगवान बौद्ध की प्रतिमा में माल्यार्पण करके नमन किया। इस मौके पर श्री गांधी ने कहा कि बाबा साहेब संविधान निर्माता होने के साथ समाज सुधारक थे। वह दलितों एवं चितों के अधिकारों के प्रबल समर्थक थे।

### लोगों को अधिकार के लिए जगाया

श्री गांधी ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने जीवन भर छुआछूत, जाति-भेद और सामाजिक असमानता के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उनका मूलमंत्र शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो पिछड़े वर्गों को शिक्षा और अधिकारों के प्रति प्रेरित करता है। इस मौके पर लक्ष्मीनारायण गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, चिराग रामटेके, प्राची रामटेके, बीरेंद्र बोरकर, श्याम सुंदर लाऊत्रे, अंजू त्रिपाठी, गुलशन हिरवानी, दीना पटेल, योगेश पटेल, कोमल साहू, प्रफुल्ल जैन, लक्ष्मी नारायण सेन, महेश्वर साहू, देवानंद खोब्रागढ़े, देवेंद्र रामटेके, आबी टेम्बुरकर, शैलेंद्र बोरकर, रमेश रामटेके, प्रकाश रामटेके, अंजू सोनटेके, देवेंद्र सोनटेके, राष्ट्रपाल गजभिए, आशीष कामड़े सहित बड़ी संख्या में बौद्ध उपासक- उपासिकाएं मौजूद थे।

### अम्बेडकर मूर्ति का अनावरण

**छुरिया।** ग्राम गिधवा भांवर में बाबा साहेब की जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस आयोजन में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, जिपं सभापति बिरम मंडावी, नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल, रविन्द्र वैष्णव, उभयराम मंडावी, भानबाई मंडावी, रामकुमार मंडावी, शिवप्रकाश टेमरे, राकेश वाल्दे, चिन्ताराम जामुर्या, गांधीदास साहू, लखनलाल, मुंशीलाल नांदेश्वर,नारायणलाल, दयाराम सलामे, सहदेव साहू, कंचराबाई नांदेश्वर, शमिताबाई कंवर, केन्द्री साहू, दिया नांदेश्वर सहित अन्य मौजूद थे। नगर में बौद्ध समाज ने भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती धूमधाम से मनाया। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, प्रमुख अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल, राजकुमारी सिन्हा, मनोज सिन्हा, शिव टेमरे, दिनेश कुरेटी, केशो वैद्य थे। इस मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि डॉ. आंबेडकर महान समाज सुधारक, न्यायविद, अर्थशास्त्री और संविधान निर्मांण थे। सामाजिक न्याय के अग्रदूत ने छुआछूत और जातिगत भेदभाव के खिलाफ संघर्ष किया। नगर अध्यक्ष अजय पटेल ने कहा कि डॉ. आंबेडकर ने हमेशा कहा कि समाज तभी आगे बढ़ेगा जब हर व्यक्ति को समान अधिकार और अवसर मिलेगा। बाबा साहेब ने संविधान बनाकर हर नागरिक को समान अधिकार दिए। इस अवसर पर





# धौराभांठा स्कूल में स्थानीय परीक्षा के परिणाम घोषित



**हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़**

संत कबीर उच्चतर माध्यमिक शाला धौराभांठा में प्राचार्य भूपेश साहू एवं शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में स्थानीय परीक्षा के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। कक्षा नवमी से मारिया 82. 60 प्रतिशत के साथ प्रथम, तोएस कुमार द्वितीय तथा भारती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 11वीं में सोनम 84. 12 फीसदी अंके के साथ प्रथम स्थान पर रही। ओमकार द्वितीय तथा आमनी बंजारे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा ग्यारहवीं का परिणाम 79 प्रतिशत रहा। प्राचार्य श्री साहू एवं शिक्षक शिक्षिकाओ ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई दी है।

# पारदर्शिता से बनाए बूथ कमेटी

- कांग्रेस की समीक्षा बैठक आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान**



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के मार्गदर्शन में संगठन सृजन अभियान के तहत जिले में बूथ एवं वार्ड स्तर पर समितियों का गठन किया जा रहा है। गठन प्रक्रिया को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने ग्राम ढीमरिन कुआं में दीपक वर्मा के निवास पर समीक्षा बैठक का आयोजन किया। बैठक में जिला प्रभारी कुलबीर सिंह छाबड़ा, जिला अध्यक्ष कोमलदास साहू, मिहिर झा, भीखमचंद छाजेड़, आकाशदीप सिंह, संजू चंदेल, योगेश जंगल, संदीप सिरमौर, सज्जाक खान, सुदीप श्रीवास्तव, दीपक वर्मा, कोमल वर्मा, सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्ष, पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला प्रभारी श्री छाबड़ा ने कहा कि आने वाले दिनों में प्रदेश स्तर के नेता किसी भी बूथ का औचक दौरा कर सकते हैं इसलिए बूथ समितियों के गठन में पारदर्शिता बनाए रखते हुए सक्रिय एवं जागरूक कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दिया जाए। जिला अध्यक्ष कोमल दास साहू ने सभी पदाधिकारियों से अपील किया कि बूथ समितियों का गठन हर हाल में 15 अप्रैल तक पूर्ण कर लिया जाए।

## जनगणनाः सर्वेश्वरदास स्कूल में आज से प्रशिक्षण

**हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव**

जनगणना 2026-27 के लिए मकानसूचीकरण का कार्य 01 मई से 30 मई 2026 के मध्य प्रगणको एवं सुपरवाईजरो के द्वारा घर-घर जाकर किया जावेगा। जिससके लिए प्रगणको एवं सुपरवाईजरो का 3 दिवसीय प्रशिक्षण सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम उ.मा.शाला राजनांदगांव में प्रातः 9:30 से शाम 5:30 बजे तक रखा गया है। प्रशिक्षण दिये जाने का कार्य फिल्ड ट्रेनरों के द्वारा दिनांक 15 अप्रैल से 17 अप्रैल 2026 तक एवं दिनांक 20 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक किया जावेगा। प्रगणकों एवं सुपरवाईजरो को प्रशिक्षण की सूचना ऑनलाईन उनके मोबाईल पर दी गई है। नगर जनगणना अधिकारी द्वारा सभी सुपरवाईजरों एवं प्रगणको को प्रशिक्षण में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किये जाने कहा गया है।

### 18 को निकलेगी बाइक रैली

**राजनांदगांव।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर आगामी 18 अप्रैल को शहर में भव्य ब्रह्मगर्जना वृहत बाइक रैली निकाली जाएगी। इसके लिए रामायण प्रचारक समिति परिसर में शनिवार शाम बैठक आयोजित कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र - राजनांदगांव**

छ.ग. गृह निर्माण मण्डल के आवासीय भूखण्डों/आवासीय भवनों को फ्री होल्ड के रूप में परिवर्तन करने के संबंध में छ.ग. शासन एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय रायपुर के आदेश दिनांक एफ-01-100/2009/32 रायपुर दिनांक 30.12.2011 समसंख्यक आदेश दिनांक 13.03.2012 व पत्र क्रमांक एफ 3-4/2020/32 दिनांक 31.12.2020 के परिपालन में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल के निम्न हितग्राही के द्वारा जिनके नाम व कॉलोनी का नाम एवं आवासीय भूखण्ड / भवन / दुकान क्रमांक छ.ग. गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, को फ्री होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस आम सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर यदि कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी।

**मण्डल द्वारा निर्मित कॉलोनी सामान्य आवास योजना कौरिनभांठा राजनांदगांव में आबंटी का नाम श्रीमती सीमा जैन पति श्री प्रभात कुमार जैन भवन क्रमांक एम.आई.जी.-II-19 कौरिनभांठा, राजनांदगांव (छ.ग.)।**

**संपदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल,**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- राजनांदगांव**

## पूर्व विधायक का आरोप

# ऋण राशि में कटौती का विरोध

**हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया**



पूर्व विधायक छन्नी साहू ने किसानों को दिए जाने वाले ऋण सीमा में कटौती करने के फैसले को किसान विरोधी कदम बताया है। उन्होंने विज्ञप्ति में कहा कि किसान खरीफ सीज़न की तैयारी कर रहे है और सरकार सोसायटियों के माध्यम से खरीफ सीजन की खेती की तैयारियों के लिए किसानों को खाद व ऋण उपलब्ध कराना प्रारंभ कर चुकी है।

पूर्व विधायक श्रीमती साहू ने कहा है कि खेती की लागत दिनों दिन बढ़ रही है और सरकार किसानों को दिए जाने वाले ऋण की राशि में लगातार कम कर रही है जो कि सरकार की किसान विरोधी मानसिकता को स्पष्ट करती है। उन्होंने बताया कि किसान लगातार शिकायत कर रहे हैं कि सोसायटियों से ऋण की राशि में कटौती करते हुए दिया जा रहा है जो कि किसान विरोधी निर्णय है। श्रीमती साहू ने किसानों को खरीफ सीजन के लिए प्रति एकड़ बीस हजार से अधिक की राशि, पर्याप्त खाद एवं बीज उपलब्ध कराने की मांग की है।

### अनुदान राशि से बचना चाह रही है सरकार

पूर्व विधायक छन्नी साहू ने कहा है कि पूर्व में रबी व खरीफ सीजन में सरकार द्वारा पर्याप्त मात्रा में लिमिट के अनुसार प्रति एकड़ बीस हजार से अधिक की राशि किसानों को उपलब्ध कराते आई है। रबी सीजन के लिए ली गई ऋण की राशि 22 जून से पहले अदा कर खरीफ के लिए पुनः उतनी ही राशि उपलब्ध कराते रही है,किन्तु सरकार अब रबी और खरीफ को एकसाथ जोड़कर मात्र 13860 रुपए उपलब्ध करा रही है जो लागत मूल्य से बहुत कम है। उन्होंने बताया कि ऋण अनुदान राशि बचाने के चक्कर में यह खेल किया जा रहा है।

# जनगणना का प्रथम चरण 1 मई से प्रारंभ

**राजनांदगांव।** भारत सरकार द्वारा आयोजित जनगणना 2027 की तैयारियां पूरे देश में तेजी से जारी है। जनगणना दो चरणों में आयोजित की जाएगी। प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं आवास गणना का कार्य 1 मई 2026 से पूरे देश में एक साथ प्रारंभ होगा। जनगणना कार्य को सफल बनाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा व्यापक पैमाने पर जन-जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही है। जनगणना 2027 एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है। जिसके माध्यम से जनसंख्या, आवास, मूलभूत सुविधाओं तथा सामाजिक-आर्थिक स्थिति से संबंधित आवश्यक आंकड़े एकत्र किए जाएंगे। ये आंकड़े आने वाले वर्षों में विकास योजनाओं, संसाधनों के वितरण तथा सार्वजनिक सेवाओं में सुधार के लिए आधार बनेंगे। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना अधिकारियों को सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएं।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



## हर्षोल्लास से मनाई गई अंबेडकर जयंती

**पाण्डातराई।** ग्राम पंचायत चार भाटा खुर्द में सामाजिक न्याय एवं समानता के प्रतीक भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच नंदकुमार चंद्रवंशी सहित पंच कृष्ण कुमार चंद्रवंशी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती विनती चंद्रवंशी एवं श्रीमती संतोषी चंद्रवंशी, मितानिन मंजू चंद्रवंशी, सुमन चंद्रवंशी, कुमार चंद्रवंशी, अंकित चंद्रवंशी, रामजी चंद्रवंशी, लक्ष्मण निषाद, प्रांजल चंद्रवंशी, हिमांशु चंद्रवंशी एवं जितेन चंद्रवंशी सहित ग्राम के अन्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने तथा सामाजिक समरसता एवं समानता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

## कवर्धा में आज नारी शक्ति सम्मेलन

**कवर्धा।** महिला सशक्तिकरण की दिशा में कबीरधाम जिले में नारी शक्ति सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह सम्मेलन 15 अप्रैल 2026 को दोपहर 12 बजे वीर सावरकर भवन, कवर्धा में आयोजित होगा। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 16 से 18 अप्रैल 2026 तक आयोजित विशेष संसद सत्र तथा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। इसी क्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में जागरूकता और सहभागिता बढ़ाने के लिए यह पहल की गई है।

# अक्ती को लेकर सजा कवर्धा नगर का बाजार, पर्व को लेकर बच्चों में खास उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ की संस्कृति में शामिल विभिन्न पर्वों में से एक अक्षय तृतीया को लेकर इस बार भी लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आगामी 19 अप्रैल को पड़ने वाले इस पर्व की तैयारियां जहां लोगों ने शुरू कर दी है वहीं नगर में भी अक्षय तृतिया का बाजार सजने लगा है। गौरतलब है कि गर्मी की छुट्टी होने के बाद बच्चों के सबसे प्रिय त्यौहार अक्षय तृतीया या अक्ती में बच्चों के लिए गुड्डे-गुड़ियों की शादी का खेल सबसे रोचक है। यहां बताना लाजिमी होगा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति में हर त्यौहार विशेष महत्व रखता है। इनके पीछे जहां एक ओर कुछ धार्मिक और लोक मान्यताएं होती हैं वहीं दूसरी ओर कुछ पर्व मनोरंजक भी है। अक्ती के दिन बच्चों द्वारा गुड्डा-गुड़ियों की शादी का खेल खेलना भी उसी विशिष्ट परम्परा का हिस्सा है, जिससे पर्व निखर उठते हैं। बैसाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया यानी अक्ती के मौके पर गुड्डे-गुड़ियों का यह खेल किसी भी पर्व से संबंधित एकमात्र ऐसा लोक खेल है, जिसमें केवल बच्चे सम्मिलित होते हैं। जिसमें लड़कियां रस्म निभाती है और लड़के बाजा बजाते हैं। इस खेल में पुतरा-पुतरी, वर-वधु के प्रतीक होते हैं और ये दोनों ही मिट्टी की बनी होती है। अक्षय तृतीय के पहले से ही कुम्हारों द्वारा मिट्टी के बर्तनों के साथ ही मिट्टी के गुड्डे-गुड़ियां भी बनाए जाते हैं। मिट्टी से बने इन खिलौनों को रंग-रोगन कर बाजार में बेचा जाता है। अक्ती के पहले ही कुम्हार इनका निर्माण कर गांव-गांव पहुंच जाते हैं। जिनके घर बच्चे होते हैं वे तो अनिवार्य रूप से पुतरा-पुतरी खरीदते हैं। यदि दो घर के बच्चे इसे सम्मिलित रूप से खेल रहे हों तो एक घर में पुतरा को और दूसरे घर में पुतरी को रखा जाता है। इसके बाद छोटा सा मड़वा तैयार किया जाता है और चूलमाटी, तेलमाटी, बारात का प्रदर्शन करते हुए बच्चे सूपा, चन्नी, टीपा और थाली को लकड़ी से बजाकर बाजा की आवश्यकता को पूरा करते हैं। अक्ती का दिन इस खेल का अंतिम दिन होता है। पाणिग्रहण करने के साथ घर के अन्य सदस्य टिकावन में रूपए-पैसे देते हैं। इस खेल से बच्चे अपना मनोरंजन करते हैं साथ ही यदि पैसा शेष बचता है तो, उसे आपस में बांट भी लेते हैं। पुतरा-पुतरी के बिहाव के जरिए विवाह की परम्परा को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया जाता है।



### बच्चों ने अपनी तैयारी की शुरू

19 अप्रैल को पड़ने वाले अक्ती पर्व को लेकर अपने गुड्डा गुड़िया का विवाह रचाने उत्साही बच्चों ने अपनी तैयारियां इस बार भी शुरू कर दी है। वहीं नगर में भी अक्ति का बाजार सजने लगा है। जहां पर्व उपयोगी मिट्टी के गुड्डा गुड़िया के अलावा अन्य उपयोगी दुकानदारों द्वारा पसरा लगाकर बेंचा जा रहा है।

**तैयारी:** कई सालों के इंतजार व प्रयासों के बाद अब होगा शुभारंभ

# कवर्धा का हाइटेक बस स्टैण्ड जल्द होगा प्रारंभ, तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बीते कई सालों के इंतजार और कई बार के प्रयासों के बाद अब ऐसा लग रहा है कि कवर्धा का नया हाइटेक बस स्टैण्ड जल्द ही प्रारंभ हो जाएगा। कवर्धा नगर पालिका तथा जिला प्रशासन ने इसकी तैयारियां शुरू कर दी है। यहां बताना लाजिमी होगा कि जुनवानी रोड स्थित अंतरराज्यीय बस स्टैंड करीब 7 वर्षों पूर्व निर्मित कराया गया था लेकिन सुलभ मार्ग उपलब्ध नहीं होने के कारण इसका संचालन अटका पड़ा था। हाल ही में मार्ग निर्माण के बाद इसी माह से इसके संचालन प्रारंभ करने प्रयास तेज कर दिए गए है। माना जा रहा है कि इसके साथ ही शहर के भीतर बसों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लागू कर दिया जाएगा, जिससे यातायात व्यवस्था में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। नगर पालिका से मिली जानकारी के अनुसार, नए बस स्टैंड की मरम्मत, रंगरोगन और विद्युत फिटिंग का कार्य पूरी तरह संपन्न हो चुका है। लोकार्पण के बाद बसों का संचालन इसी नए परिसर से किया जाएगा, जो शहर से लगभग 2 किलोमीटर दूर स्थित है। करीब 10.50 करोड़ रुपए की लागत से तैयार इस हाइटेक बस स्टैंड में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। परिसर में एक साथ 120 बसों की पार्किंग की सुविधा है। इसके अलावा 200 दोपहिया और 50 चारपहिया वाहनों के लिए अलग से पार्किंग व्यवस्था की गई है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परिसर में 8 दुकानों का भी आवंटन किया गया है। बस स्टैंड तक पहुंचने वाले मार्ग के चौड़ीकरण पर भी लगभग 11 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। वर्तमान में यहां से प्रतिदिन करीब 120 बसों का संचालन प्रस्तावित है।

### कवर्धा शहर को भारी यातायात के दबाव से मिलेगी मुक्ति



माना जा रहा है कि कवर्धा के हाइटेक बस स्टैण्ड के प्रारंभ होने से कवर्धा नगर के भीतर यातायात का दबाव और दुर्घटनाएं की संभावनाएं कम होंगी। लेकिन इसके साथ यात्रियों के सामने एक नई समस्या भी खड़ी होगी। कवर्धा शहर के लोगों को अपने निर्धारित रूट की बस पकड़ने के लिए लम्बी दूरी तय कर बस स्टैण्ड जाना पड़ेगा। इसी प्रकार बाहर से आने वाले यात्रियों को कवर्धा शहर आने के लिए लम्बी दूरी तय करनी पड़ेगी।

# 39 पौवा अवैध देशी शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों के खिलाफ स.लोहारा पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज।

हरिभूमि न्यूज ⏭ स/लोहारा

जिले की स. लोहारा पुलिस ने अवैध शराब बेंचने की जुगत भिड़ा रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 39 पौवा देशी शराब तथा अवैध ढंग से शराब बेंचकर अर्जित की गई राशि जप्त की है। गिरफ्त में आए आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। इस संबंध में स. लोहारा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 14 अप्रैल को प्राप्त मुखबिर सूचना पर स. लोहारा थाना की टीम द्वारा रेगाखार तिराहा के पास नाकाबंदी कर कार्रवाई की गई। इस दौरान मुखबिर के बताए अनुसार दो व्यक्तियों को अवैध रूप से शराब बिक्री करते रंगे हाथ पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम संतोष जोशी पिता छकेलाल जोशी आयु 37 वर्ष निवासी सिल्हाटी तथा लोकेश्वर पिता पंचराम पटेल आयु 40 वर्ष निवासी सिल्हाटी थाना स. लोहारा जिला कबीरधाम बताया। आरोपियों के कब्जे से कुल 39 नग देशी प्लेन शराब (प्रत्येक 180 एमएल) कुल 7.020 बल्क लीटर, कीमती 3120 रुपए तथा आरोपी संतोष के पास से 200 रुपये एवं लोकेश्वर के पास से 300 रुपए नगद, कुल जुमला 3620 रुपए जप्त कर कब्जा पुलिस द्वारा लिया गया। आरोपियों के उक्त कृत्य को धारा 34 (1) (ख), 34(2) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध पाए जाने पर थाना स. लोहारा में अपराध क्रमांक 43/2026 दर्ज कर विधिवत कार्यवाही करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। कबीरधाम पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है कि अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिले में इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। इस कार्यवाही में स. लोहारा थाना की टीम के सहायक उप निरीक्षक संदीप चौबे, प्रधान आरक्षक समशेर अली, आरक्षक डोमेन्द्र ठाकुर, रवि जायसवाल एवं चरण पटेल का सराहनीय योगदान रहा।



# जिला महिला कांग्रेस की बैठक में नवनियुक्त महिला पदाधिकारियों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शहर महिला कांग्रेस कमेटी की नवनियुक्त कार्यकारिणी का सम्मान समारोह एवं प्रथम बैठक कांग्रेस भवन में उत्साह और सकारात्मक माहौल में संपन्न हुई। बैठक का नेतृत्व शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष नारायणी टोंडर ने किया। इस दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उनका अभिनंदन किया गया तथा संगठन को मजबूत बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में संगठनात्मक एकजुटता और सक्रियता पर विशेष जोर देते हुए शहर के विभिन्न समाजों को प्रतिनिधित्व देने के उद्देश्य से समावेशी संगठन निर्माण का संदेश दिया गया। जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा महिलाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें नेतृत्व के अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से संगठन की मजबूती के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। पूर्व विधायक ममता चंद्राकर ने नवनियुक्त कार्यकारिणी को बधाई देते हुए कहा कि महिलाओं की भागीदारी संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने महिलाओं से जनसमस्याओं को प्राथमिकता से उठाने और समाज से जुड़कर कार्य करने की अपील की। महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सीमा अनंत ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने संगठन के माध्यम से अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने और उनकी आवाज को सशक्त बनाने पर बल दिया। शहर अध्यक्ष नारायणी टोंडर ने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कार्यकारिणी में ऐसी महिलाओं को स्थान दिया गया है, जो समाज और आम जनता के मुद्दों को समझते हुए सकारात्मक भूमिका निभा सकें। बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए तय किया गया कि शहर के सभी वार्डों में जल्द ही वार्ड अध्यक्षों की नियुक्ति की जाएगी। साथ ही प्रत्येक बूथ पर मजबूत टीम तैयार कर संगठन को अंतिम पंक्ति तक सक्रिय करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री गोपाल चंद्रवंशी, महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव शेख अनवरी, पूर्णिमा चंद्राकर, रचना कोसले, सीता धुर्वे, सीमा झारिया, सविता झारिया, सीता निर्मलकर, श्यामवती गोसाई, रोशनी खान, लीला देवी पोर्ट, रेखा बंजारे एवं राधिका लहरें सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थें




## संत शिरोमणि सेन महाराज की 726वीं जयंती मनाई गई



**स लोहारा।** क्षेत्र में संत शिरोमणि सेन महाराज की 726 वीं जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सुबह 9 बजे पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष डाकेश्वर श्रीवास ने जानकारी देते हुए बताया कि जयंती के उपलक्ष्य में 16 अप्रैल, गुरुवार को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा बाजार चौक से प्रारंभ होकर मेन रोड स्थित जैन मंदिर होते हुए पुनः बाजार चौक पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा के दौरान सभी समाजजन अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर कार्यक्रम में शामिल होंगे। सुबह 11 बजे से निकलने वाली इस भव्य रैली में बड़े-बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे तथा जयंती को त्यौहार के रूप में मनाया । कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष मनहरण श्रीवास, ब्लॉक अध्यक्ष डाकेश्वर श्रीवास, संरक्षक रामजी श्रीवास, खिलावन श्रीवास, कुरहा ब्लॉक सेलून संघ अध्यक्ष गणेश श्रीवास, संयोजक रामावतार श्रीवास, सेक्टर अध्यक्ष संतोष सेन, महिला प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष मोना सेन, नगर सेलून संघ अध्यक्ष मनोज श्रीवास, प्रताप सेन, रामावतार सेन, राजू श्रीवास, कामता श्रीवास, दुलारी श्रीवास, किशुन श्रीवास, सेक्टर प्रभारी दुर्गेश श्रीवास, घनश्याम श्रीवास, विनायक श्रीवास, कवल सेन, रोशन सेन, अनिल सेन, प्रेम श्रीवास, चंद्रेश श्रीवास, उमेश श्रीवास, मनीष श्रीवास, मुकेश श्रीवास, विक्रम श्रीवास, हीना श्रीवास सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थें।

# दो फीट लंबे व एक फीट चौड़े तीन फोल्ड वाले छः पेज के प्रगति पत्रक से शिक्षक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के प्राथमिक व मिडिल स्कूलों में बच्चों के लिए प्रदान किए गए प्रगति पत्रक बच्चों, शिक्षकों व अभिभावकों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। छग टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि तीन फोर्ड वाले छः पृष्ठीय इस प्रगति पत्रक की लंबाई लगभग दो फिट व चौड़ाई एक फिट है। इसके अधिक लम्बाई के कारण एक बार में फोटो कॉपी भी नहीं हो पायेगा, दो बार में फोटो कॉपी कराकर गोंद से चिपकाना पड़ेगा। इसके तीन फोर्ड के कारण विद्यार्थियों को लम्बे समय तक सुरक्षित रखने में भी दिक्कत होगा। शिक्षकों के लिए परेशानी का सबसे बड़ा कारण इसका बड़ा साइज नहीं बल्कि इसमें भरा जाने वाला विद्यार्थियों की जानकारी है। इसमें लगभग तीस प्रकार के अलग-अलग जानकारी भरा जाना है, जिनमें प्रमुख रूप से माहवार बच्चे की उपस्थिति, विषयवार गतिविधि व ग्रेड, तीन प्रकार के भाषा, विज्ञान, गणित व सामाजिक विज्ञान की गतिविधि का उपागम, सभी विषयों में जागरूकता, संवेदनशीलता, रचनात्मकता के अंतर्गत प्रारंभिक, मध्यम व उच्चतर स्तर का विकल्प, प्रत्येक विषय की गतिविधियों पर समग्र टिप्पणी, छात्र की क्षमता के आधार पर शिक्षक द्वारा गुणात्मक इनपुट आदि शामिल है। ये सभी जानकारियां बच्चे के मासिक, त्रैमासिक, अर्द्धवार्षिक व वार्षिक आंकलन ग्रेड के अतिरिक्त है। इस वर्ष जारी इस नए प्रगति पत्रक में भरे जाने वाले जानकारियों के संबंध में कोई प्रशिक्षण या अधिकृत दिशानिर्देश जारी नहीं किया गया है, जिससे शिक्षक अपने-अपने अनुसार अनुमान से भर रहे हैं, जबकि इसके लिए प्रशिक्षण आवश्यक प्रतीत होता है। जिलाध्यक्ष डॉ. चन्द्रवंशी ने आगे बताया कि यद्यपि प्रगति पत्रक एक विस्तृत दस्तावेज होता है, जो छात्र के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित होता है। इसमें शैक्षणिक अंक के साथ छात्र के व्यवहार, उपस्थिति, खेलकूद, अनुशासन, सामाजिक कौशल सहित अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों का विवरण होता है। इसमें शिक्षक की टिप्पणियां भी शामिल होता है, जो छात्र के व्यक्तित्व व क्षमताओं का विश्लेषण करता है। इसका उद्देश्य अभिभावकों को यह बताना होता है कि उनका बच्चा स्कूल में कैसा प्रदर्शन कर रहा है और किन क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है। वास्तव में यह फीडबैक बताने का एक माध्यम होता है, लेकिन इसके साइज को सामान्यतः ए फोर अर्थात 11.7 इंच लंबा व 8.3 इंच चौड़ा होना चाहिए, जो सबसे आम साइज माना जाता है। यदि जानकारी बहुत अधिक हो व फोल्डिंग रिपोर्ट कार्ड बनाना हो तो ए थ्री साइज अर्थात 16.5 इंच लम्बे व 11.7 इंच चौड़ा रखा जाना चाहिए, ताकि बच्चों व अभिभावकों को समझने एवं लम्बे समय तक सुरक्षित रखने की दृष्टि से सुविधाजनक हो।



## जिपं में मनाई गई अंबेडकर जयंती



**कवर्धा।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, सीईओ जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य राम कुमार भट्ट, सदस्य श्रीमती पूर्णिमा मनीराम साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने बाबा साहेब के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण करते हुए नमन किया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब का जीवन समाज के उत्थान, शिक्षा एवं नारी सम्मान जैसे विषयों पर आधारित रहा। उन्होंने हमेशा समाज को सही राह दिखाई और दुनिया के सबसे बड़े संविधान को अंतिम रूप दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का सपना समावेशी विकास का मार्ग है। अंबेडकर जयंती के अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पूर्णिमा मनीराम साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मनीराम साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकचंद साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विजय पटेल, विधायक प्रतिनिधि कवर्धा भूखन साहू ने भी अपने विचार वक्त किए। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत के लेखा अधिकारी भानु प्रताप नेताम,उपसंचालक पंचायत राज तिवारी सहित जिला पंचायत के सभी अधिकारी कर्मचारी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने मिलकर संविधान के शिल्पकार को याद करते हुए उन्हें नमन किया।

**अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का संकल्प: संतोष पाण्डेय**

# बाबा साहब अंबेडकर जयंती पर भाजपा ने किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई के नेतृत्व में मंगलवार को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सांसद संतोष पांडेय ने अंबेडकर पार्क पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सांसद पांडेय ने बाबा साहब के जीवन, उनके संघर्ष, कर्तव्यपरायणता और राष्ट्रहित में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और अधिकार पहुंचाना हम सभी का संकल्प है। इस अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें सांसद संतोष पांडेय मुख्य रूप से शामिल हुए। संगोष्ठी में बाबा साहब के विचारों, उनके संघर्ष और संविधान निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, डॉ. सियाराम साहू, रामकुमार भट्ट सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। संगोष्ठी में जिला महामंत्री मुकेश ठाकुर एवं नितेश अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष केके वैष्णव, परेटन वर्मा, अशोक चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला मंत्री अनीता धुर्वे, चंदन पटेल, शहर मंडल अध्यक्ष सतविंदर पाहुजा सहित मोर्चा व प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## सांसद ने रखी विकास कार्यों की नींव



**कवर्धा।** क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय ने कवर्धा ब्लॉक के विभिन्न गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने विकास निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया और कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। सांसद संतोष पांडेय ने ग्राम पनेका में सरस्वती शिशु मंदिर के पास सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए तीन लाख रुपए व ग्राम दशरंगपुर में सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए दो लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इसके अलावा सांसद पांडेय के प्रयास व अनुशंसा से पर्यावरण विकास एवं उपकर निधि से ग्राम बैजी में सीसी सड़क निर्माण के लिए सात लाख रुपए व ग्राम गोपालभावना में सीसी सड़क निर्माण के लिए सात लाख रुपए की स्वीकृत प्राप्त हुई है। सांसद पांडेय ने उक्त निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया। सांसद पांडेय ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार द्वारा लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के ठोस रणनीति व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में नक्सलवाद समाप्त हो गया। अब बस्तर सहित अन्य प्रभावित क्षेत्रों में अमन, चैन व शांति का वातावरण है। लोग निर्भय होकर जीवन जी रहे हैं। इस दौरान जनपद पंचायत कवर्धा के उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष खेलेश्वर साहू, सीताराम साहू आदि उपस्थित थे।

## सार समाचार

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम, आज स्कूटी रैली

**मोहला।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रचार-प्रसार हेतु 10 अप्रैल से 20 अप्रैल तक देशभर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 16 से 18 अप्रैल तक आयोजित विशेष संसद सत्र को महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। इसी क्रम में राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त निर्देशों के तहत मोहला जिले में भी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

जिला मुख्यालय मोहला में 16 अप्रैल को सुबह 8 बजे जिला पंचायत परिसर से कलेक्ट्रेट परिसर तक बाइक एवं स्कूटी रैली निकाली जाएगी। इस अभियान के माध्यम से आमजन में महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने जिला प्रशासन की ओर से सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रनिधियों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस अभियान को सफल बनाएं।

### राज्य कर्मचारी संघ पदाधिकारियों ने की नए डीईओ से भेंट

**खैरागढ़।** राज्य कर्मचारी संघ छग जिला इकाई के पदाधिकारियों ने नव पदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी मुकुल केपी साव से सौजन्य भेंट कर



स्वागत किया और विभाग में सफल प्रशासनिक संचालन को लेकर शुभकामना दी। नवपदस्थ डीईओ श्री साव ने बताया कि जिले में शैक्षिक वातावरण के निर्माण के लिए सर्वप्रथम विद्यालयों में कर्मचारियों के मध्य सौहार्दपूर्ण वातावरण का निर्माण करना आवश्यक है। भेंट दौरान राज्य कर्मचारी संघ प्रदेश उपाध्यक्ष मनोहर चंदेल के द्वारा संस्कृत भाषा को तृतीय भाषा के रूप में विद्यालयों में प्राथमिकता दिए जाने को लेकर चर्चा की गई साथ ही उन्होंने जनगणना के दौरान जनसामान्य के द्वारा प्रयोग किए जाने वाली भाषा के रूप में संस्कृत को भी चिन्हांकित करने के संबंध में उपस्थित साथियों को प्रेरित किया। इस दौरान जिला इकाई अध्यक्ष कोमल नारायण वर्मा, जिला सचिव अनुराग मालवीय, अर्जुन वर्मा, रामबली पांडेय, संगीता जोशी, रामेश्वर शर्मा, मोरेश्वर वर्मा, चंदन मिंज सहित अन्य उपस्थित थे।

### नाबालिग का अपहरण कर कुकर्म, आरोपी गिरफ्तार

**छुईखदान।** एक नाबालिग बालिका का अपहरण कर कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी ने पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उसकी नाबालिग पुत्री को अज्ञात आरोपी द्वारा बहला-फुसलाकर शादी का झांसा देकर अपहरण कर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना छुईखदान में धारा 137(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्व कर विवेचना मे लिया गया।

पुलिस के मुताबिक मामला गंभीर एवं नाबालिग बालिका से संबंधित होने से अपहता एवं संदेही के पतासाजी हेतु तत्काल टीम गठित किया गया। पुलिस टीम को मुखबीर से सूचना मिला कि संदेही द्वारा पीड़िता को अपहरण कर बालाघाट शिवनी ले जाकर छुपाकर अपने साथ रखा है। मुखबीर की सूचना और साइबर सेल की तकनीकी सहायता से पीड़िता व संदेही की पतासाजी करने पुलिस टीम बालाघाट शिवनी पहुंचकर पीड़िता- संदेही का पता तलाश तलाश किया गया।

पीड़िता को आरोपी कृष्णा कुमार परते के कब्जे से बरामद किया गया। पीड़िता से पूछताछ कर विस्तृत कथन लेख किया गया, जो बताई कि आरोपी कृष्णा कुमार परते इसे नाबालिग जानते हुए अपने प्रेमजाल में फंसाकर, शादी का झांसा देकर, अपहरण कर शारीरिक संबंध बनाया है। विवेचना के दौरान प्रकरण में धारा 64(2)(ड), 65(1), 96 बीएनएस एवं धारा 6 पाक्सो एक्ट का प्रसार कर आरोपी कृष्णा कुमार परते उम्र 21 निवासी ग्राम खापा जिला सिवनी मध्यप्रदेश को 12 अप्रैल को विधिवत गिरफ्तार कर कार्रवाई की।

### कार्रवाई की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

**राजनांदगांव।** अजीत जोगी युवा मोर्चा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शमसुल आलम ने साहिल खान के पक्ष में चिखली पुलिस चौकी के बाहर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। मौके पर नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन और चिखली पुलिस चौकी के अधिकारी भी मौजूद रहे।



शमसुल आलम ने बताया कि 5 अप्रैल को साहिल खान पर मोतीपुर अंडरब्रिज के पास कुछ अज्ञात युवकों ने जानलेवा हमला किया था। जिसमें साहिल को गंभीर चोंटे आई। घटना के बाद चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई और आरोपी गिरफ्तार किए गए, लेकिन विवेचक ने उन्हें मुचलके जमानत पर छोड़ दिया। इसके बाद आरोपियों द्वारा प्रार्थी को केस वापस लेने की धमकी दी गई। प्रदर्शन के दौरान चिखली पुलिस चौकी प्रभारी ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। शमसुल आलम ने चेतावनी दी कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो जोगी कांग्रेस चिखली पुलिस चौकी के सामने चक्काजाम कर सकती है। इस अवसर पर साहिल खान के साथ अजीत जोगी युवा मोर्चा के कार्यकर्ता, विधानसभा अध्यक्ष नमन पटेल, जिला महासचिव ऋषभ रामटेके, मुकेश साहू, अनवर खान, संदीप सूर्यवंशी, आदित्य निषाद, आकाश गेडाम, लिखन, अमित सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

### महिलाएं कर रही गौरवान्वित महसूस : पूर्णिमा

**राजनांदगांव।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की सदस्य पूर्णिमा साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू करने के ऐतिहासिक निर्णय से देश की आधी आबादी महिलाएं गौरवान्वित महसूस कर रही है। निश्चित रूप से महिला घर की रसोई से निकलकर विधानसभा लोकसभा में अपनी योग्यता कार्यक्षमता से जनहित राष्ट्र हित में निर्णायक भूमिका निभाएगी और विकसित भारत की परिसंकल्पना साकार करने में सहायक सिद्ध होगी। पूर्णिमा साहू ने कहा कि मोदी ने 33 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण देकर जो अधिकार व सम्मान दिया उसके लिए हम देश की महिलाएं दिल की गहराई से धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।



### शिक्षा पर शुल्क लगाना, गरीबों के सपनों पर प्रहार

**राजनांदगांव।** प्रदेश सरकार द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालयों में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 से शुल्क वसूली के निर्णय को लेकर राजनीतिक और सामाजिक हल्कों में तीखी प्रतिक्रिया सामने आ रही है। इस मुद्दे पर युवा कांग्रेस नेता एवं पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते फैसले को गरीब एवं मध्यम वर्ग के हितों के खिलाफ बताया है। उन्होंने कहा कि हाल ही में सामने आई खबरों के अनुसार अब इन विद्यालयों में विभिन्न मदों के तहत छात्रों से शुल्क वसूला जाएगा। जिससे गरीब एवं मध्यम वर्ग के परिवारों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा।



## कुलपति का एक साल, ए ग्रेड लाने का संकल्प

# संगीत विवि को बुलंदी पर पहुंचाने प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इंदिरा कला संगीत विवि में कुलपति के रूप में शानदार एक साल का कार्यकाल पूरा करने पर प्रो डॉ लवली शर्मा ने विवि के विकास, शैक्षणिक गतिविधि सहित अन्य रचनात्मक कार्यो की जानकारी साझा की। कुलपति ने बताया कि संगीत विवि को आधुनिक, प्रगतिशील और पर्यावरण-सचेत बनाने और नैक से ए ग्रेड लाने का संकल्प उन्होंने लिया है।

एक साल मे संपादित कार्यो की जानकारी देते हुए बताया कि विवि के परिसर 1 के कचरे को एकत्रित कर कंपोस्ट खाद बनाने टंकी निर्माण कराया गया है। जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य करते हुए वाटर हार्वेस्टिंग स्थापित कराया वही विभिन्न कक्षाओं की वस्तुस्थिति से अवगत होने के बाद आवश्यकतानुसार वहां मरम्मत कार्य के अलावा नवीन निर्माण का कार्य उन्होने कराया है। शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने विभिन्न विषयों तबला,सितार, लोक संगीत, कथक, ओडिसी, भरतनाट्यम नृत्य सहित संगीत विधा के विशेषज्ञों को आमंत्रित कर बच्चों को संबंधित विषय का बारीकी से अध्ययन कराया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर केंद्रित त्रिस्तरीय कार्यशाला का आयोजन कर बच्चों को एनईपी के प्रमुख उद्देश्य को समझने और उसके अनुरूप विषय चयन करने प्रेरित किया। कला विस्तार को लेकर विभिन्न संस्थानों के साथ एमओयू किया ताकि संस्थाओं के मध्य शिक्षा का आदान-प्रदान किया जा सके। पीएचडी परीक्षा में सुधार लाते हुए पारदर्शी तरीके से परीक्षा आयोजित की गई, जिसका परिणाम उसी दिन घोषित कर अगले दिन परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का साक्षात्कार भी पहली बार उनके कार्यकाल में हुआ है।



#### शिक्षा में सरगम को लेकर की पहल

कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने बताया कि बीते साल मई महीने में निशुल्क 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कलात्मक शिविर का आयोजन किया गया, जहां बच्चों ने विभिन्न कलाओं का ज्ञान लिया। हर महीने भारतीय संस्कृति व लोक कलाओं के संरक्षण में समर्पित महान विभूतियों के जीवन वृत्त से बच्चों को अवगत कराया जा रहा। 4 गोद ग्राम के लोगों को संगीत कला के क्षेत्र में आगे बढ़ाने विभिन्न कार्यशालाओं व कार्यक्रमों का आयोजन समय-समय पर किया जा रहा है। वही नवाचार तहत पहली बार विवि का कैलेंडर प्रकाशित किया गया जिसके माध्यम से आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाई जा सके।

#### उपलब्धियों भरा रहा एक साल

अपने एक साल के कार्यकाल को चुनौतीपूर्ण पर संतुष्टि भरा बताते हुए कुलपति ने कहा कि रियासतकालीन विरासत को संजोये रखने सालो से आम लोगों के लिए बंद कैम्पस एक के राधा-कृष्ण मंदिर को उन्होंने खुलवाया। राजमहल का प्रथम तल का उपयोग कक्षा संचालन सहित विभिन्न कार्यों के लिए दिया। बीते तीन सालो से बंद खैरागढ़ महोत्सव की शुरुआत कर राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों के साथ स्थानीय कलाकारों सहित स्टूडेंट्स को भी मंच प्रदान किया गया। हर महीने पाक्षिक कार्यक्रम श्रुति मंडल का आयोजन सहित अन्य गतिविधियों व उपलब्धियों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि शिक्षा मे सरगम अभियान को गति देने उन्होने स्कूल शिक्षा मंत्री से प्राथमिक स्तर की कक्षाओं मे संगीत कला को अनिवार्य करने और संगीत शिक्षक की नियुक्ति की मांग की है।

#### रात नौ बजे तक खुले रहेंगे गेट

इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय का सालों से रोज सात बजे बंद होने वाला गेट अब रात नौ बजे तक खुला रहेगा। कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने बताया कि नए बस स्टैंड से होकर जिला अस्पताल जाने वाले रास्ते मे विवि के दो मेन गेट है जिन्हें सुरक्षागत कारणो से रोज सात बजे बंद कर दिया जाता था लेकिन जन सुविधा के मद्देनजर उन्होंने दोनों गेट रात नौ बजे तक खोलने की अनुमति दे दी है।

### हर्षोल्लास से मनी सेन जयंती सर्रागोंदी में हुआ पूजन

**खैरागढ़।** सेन जयंती पर ब्लाक के सर्रागोंदी स्थित सेन भवन में समाज द्वारा श्रद्धा उत्साह के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेन जी महाराज की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर समाज की सुख-समृद्धि एवं उन्नति की कामना कर सभी ने एक दूसरे को जयंती की बधाई दी।

समाज के जिला अध्यक्ष नरेंद्र सेन ने कहा कि सेन जयंती हमारे लिए गौरव और प्रेरणा का पर्व है। सेन जी महाराज के आदर्शों को अपनाकर समाज में शिक्षा, एकता और विकास के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ना चाहिए। समाज की एकजुटता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। मनोहर सेन ने कहा कि सेन समाज लगातार हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। हमें एकजुट होकर एक-दूसरे की मदद करनी होगी, तभी समाज और अधिक मजबूत और सशक्त बनेगा। अंत में सभी ने समाज की प्रगति एवं आपसी सहयोग को और मजबूत करने का संकल्प लिया। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष देवा सेन, कामता प्रसाद सेन, सचिव अमोद, कीर्तन सेन, संजय सेन, दुर्गा सेन, युवराज सेन, रामकुमार, रेवा, कौशल सेन, बिसरू सेन, लक्ष्मी सेन, युवराज सेन, नेतराम सेन सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# ऑनलाइन धोखाधड़ी, अंतर्राज्यीय शातिर आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

**राजनांदगांव।** बैंक खाता का दुरूपयोग कर म्यूल अकाउंट उपलब्ध कराने वाला अंतर्राज्यीय आरोपी को गिरफ्तार करने में कोतवाली पुलिस ने सफलता पाई है।



एसपी अंकिता शर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक एलेकजेंडर किरो के पर्यवेक्षण में साइबर अपराधों एवं धोखाधड़ी के मामलों में त्वरित कार्रवाई हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना कोतवाली को साइबर धोखाधड़ी के मामले में बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। मामले की विवेचना के दौरान यह पाया गया कि आरोपी द्वारा फर्जी बैंक खातों म्यूल अकाउंट और सिम कार्ड का उपयोग कर ऑनलाइन अवैध लेन-देन किया जा रहा था। पूर्व में गिरफ्तार आरोपी कृष्ण सोनकर से प्राप्त सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मध्यप्रदेश के बालाघाट में दबिश दी। पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक नग मोबाइल जब्त किया है। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया है। पुलिस की गिरफ्त में आया आरोपी शाहरूख खान पिता स्व. शमीम खान वार्ड नंबर 3 प्रिंस कॉलोनी बालाघाट का निवासी है। आरोपी के कृत्य पर भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# लाट में कम बांस निकलने की शिकायत, नीलामी में हो रहा खेल

**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ उपवन मंडल और बागनदी के काष्ठागारों में अधिकारी एवं ठेकेदारो की सांठगांठसे बांसों और लकड़ी की लाटों की नीलामी में गड़बड़ी का खुलासा होने के बाद हडकंप मच गया।

खबर प्रकाशित होने के बाद अछोली काष्ठगार में लाटो में अवैध रूप से खपाने रखी गई लकड़ी और बांसो को रातो रात हटाकर मामले को रफादफा करने का प्रयास किया है। जानकारी के अनुसार एक बांस ठेकेदार ने नीलामी के बोर्ड में दर्शाई गई मात्रा के अनुसार राशि जमा करने के बाद बांस के लॉट में वजन और संख्या कम होने की शिकायत वन मंत्री, प्रधान वन संरक्षक एवं एसडीओ से करते हुए नीलामी निरस्त कर राशि वापसी दिलाने की मांग की है। उन्होंने छोटे ठेकेदारों को ध्यान में रखते हुए छोटे छोटे लाटो में नीलामी कराने की भी मांग की है। शिकायत कर्ता गिरधारी अग्रवाल ने बताया की 18 मार्च 2026 को बांस के दो लॉट के बोर्ड में 50 टन होने का उल्लेख था जिसके आधार पर उनसे 5 लाख 20 हजार में एवं 5 लाख 70 हजार लिया गया था। उन्होंने शिकायत में बताया कि डिलीवरी के दौरन उक्त लाट को अधिकारी कर्मचारीयो ने 31 टन का होना बताया। बचे हुए 19 टन को अलग लॉट में होने की जानकारी देते हुए नीलामी के पहले ही हटा दिया था लेकिन सूचना पटल में सुधार नहीं किया गया।

#### अब बांस का उठाव करने दबाव

विभागीय अधिकारी इसे कर्मचारी की गलती बता कर उक्त लाट को महंगा बताते हुए ठेकेदार को बांस उठाने दबाव बना रहे है। शासकीय डिपो और काष्ठगारो में होने वाली नीलामी के नाम पर अधिकारी और ठेकेदारों की सांठगांठ से लाखों का चूना लगाया जा रहा है।

## युगांतर में बैशाखी पर्व का शानदार आयोजन



**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल में प्री प्राइमरी के बच्चों के लिए बैसाखी पर्व का शानदार आयोजन संपन्न हुआ। विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर के मार्गदर्शन में बच्चों ने इस पर्व को उत्साहपूर्वक मनाया। बच्चों ने अपनी शानदार गतिविधियों से पंजाब के गांवों का खूबसूरत दृश्य प्रकट कर दिया। उन्होंने नृत्य और गीत की ऐसी छंटा बिखेरी कि सारा परिसर बाल सुलभ अट्टहास से परिपूर्ण हो गया। इस आयोजन को सफल बनाने में पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह, हैड मिस्ट्रेस विनिता तिलवानी सहित म्यूजिक, डांस, आर्ट, प्री प्राइमरी विभाग के शिक्षकों ने अमूल्य योगदान दिया।

# नौकरी लगवाने के नाम पर दो लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

- पीड़िता की रिपोर्ट पर डोंगरगढ़ पुलिस की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के डोंगरगढ़ थाना अंतर्गत नौकरी लगने के नाम पर एक महिला से 2 लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है । महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

बगदईपारा वार्ड क्रमांक 01 ग्राम अछोली निवासी प्रार्थिरूा श्रीमती ललिता सिंह ने थाना डोंगरगढ़ में लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि नवंबर 2025 में डोंगरगढ़ के वार्ड क्रमांक 4 निवासी आरोपी आशीष पुर्ती एवं एक अन्य व्यक्ति कालीराम पार्कर निवासी जिला दुर्ग



द्वारा एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में काउंसलर के पद पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर कुल 4 लाख रुपए की मांग की गई। जिसमें से 2 लाख रुपए एडवांस के रूप में ले लिया गया, लेकिन आरोपी द्वारा न तो नौकरी लगवाई गई और न ही रकम वापस की गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध करते पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

#### जनदर्शन : आवेदन का त्वरित निराकरण

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित एवं प्रभावी निराकरण किया जा रहा है, ताकि आवेदकों को समयबद्ध तरीके से राहत मिल सके। इसी कड़ी में राजनांदगांव शहर के बजरंगपुर-नवागांव वार्ड क्रमांक 1 निवासी पूजा चुनाकर ने जनदर्शन में स्वरोजगार प्रारंभ करने के लिए ऋण उपलब्ध कराने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया था। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदन पर संज्ञान लेते त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आवेदन की जांच कर पात्रता के आधार पर छत्तीसगढ़ महिला कोष योजना के तहत शीघ्र ऋण स्वीकृत किया गया। योजना के अंतर्गत स्वसहायता समूहों एवं जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना है। योजना के तहत विभागीय अमले द्वारा आवेदन का परीक्षण कर निर्धारित मापदंडों के अनुरूप स्वरोजगार प्रारंभ करने हितग्राही पूजा चुनाकर के खाते में 1 लाख 20 हजार रुपए ऋण की राशि उपलब्ध कराई गई।

## परीक्षा परिणाम घोषित

**राजनांदगांव।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए आयोजित प्राक्चयन परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। जारी परीक्षा परिणाम का अवलोकन वेबसाईट पर किया जा सकता है। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु काउंसिलिंग की सूचना वेबसाईट पर पृथक से प्रदर्शित की जाएगी।

# जगनीक समाज के पुनः प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रांतीय कार्यकारिणी के लिए हुए निर्वाचन में वर्तमान अध्यक्ष जगनीक यादव ने एमएल यादव को 5177 मतों से पराजित कर पुनः अध्यक्ष चुने गए हैं। उनके नेतृत्व वाले प्रगति पैनल ने सभी सात पदों पर विजय प्राप्त की है। जीत दर्ज करने वाले पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष भगत सिंह यादव, सचिव सुंदरलाल यादव, कोषाध्यक्ष जीआर यादव, संयुक्त सचिव मनोज यादव सहित दो सदस्य आरडी यादव और रंजीत यादव शामिल हैं।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी पूनाराम यादव ने बताया कि सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक हुए मतदान में 78 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के पश्चात मतगणना की गई। जिसमें वर्तमान अध्यक्ष जगनीक यादव के नेतृत्व में प्रगति पैनल के उम्मीदवारों ने महानगर बूथ से एकतरफा लीड ली। राजनांदगांव बूथ से अध्यक्ष पद के लिए डाले गए 60 मतों में से प्रगति पैनल के प्रत्याशी जगनीक



यादव को 49, कृष्णा पैनल के एमएल यादव को 5 तथा एक अन्य उम्मीदवार प्रदीप यादव को 01 मत प्राप्त हुए, 05 मत निरस्त हुए। अन्य पदों के लिए की गई मतगणना में भी प्रगति पैनल के उम्मीदवारों को भारी बढ़त हासिल हुई। देर शाम राज्य निर्वाचन कार्यालय द्वारा परिणाम घोषित किए गए।




# बाबा साहेब ने दिया समानता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंबेडकर जयंती के अवसर पर कलेक्टोरेट परिसर सहित विभिन्न वार्डों में आयोजित कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव शामिल होकर बाबा साहेब अम्बेडकर के आदर्शों पर चलने की अपील की। साथ ही महापौर द्वारा आम्बेडकर जयंती पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आयोजित जुलूस का स्वागत कर अंबेडकर अनुयायियों को जयंती की बधाई दी।

अम्बेडकर जयंती अवसर पर महापौर श्री यादव शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर अंबेडकर अनुयायियों को जयंती की बधाई दी। सुबह कलेक्टोरेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर पूर्व मंत्री धनेश पटिला, समाज के अध्यक्ष दीपांकर खोब्रागढ़े के अलावा महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य राजेश जैन रानू, सावन वर्मा, शैकी बग्गा, डिलेश्वर प्रसाद साहू, वरिष्ठ सभापति खेमिन यादव, कनिष्ठ सभापति संदीप बघेल, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा व हेमंत शेखर यादव, पार्षद मनोहर यादव, अपूर्वा समीर श्रीवास्तव, प्रियंका कुरंजेकर, रवि सिन्हा, अमृता सिन्हा, पूर्व पार्षद विजय राय व शरद सिन्हा, पार्षद प्रतिनिधि राजेश यादव व पंकज कुरंजेकर की उपस्थिति में समाज को जयंती की शुभकामना देते बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने की अपील की।



#### संविधान निर्माता को किया याद

महापौर श्री यादव ने कहा कि बाबा साहेब संविधान के निर्माता थे। जिसमें हमारे अधिकारों व कर्तव्यों का उल्लेख है। संविधान हमें सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक समानता का अवसर देता है। उन्होंने समाज में जात-पात के भेदभाव के विरूद्ध अभियान चलाया तथा दलितों को सम्मान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आने वाले समय में सबके सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन भव्य रूप में किया जाएगा।

#### कई कार्यक्रमों में मेयर हुए शामिल

महापौर श्री यादव अंबेडकर जयंती के अवसर पर कलेक्टोरेट परिसर के अलावा भरकापारा, राहुल नगर, राजीव नगर सहित वार्डों में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर बाबा साहेब के बताए मार्गों पर चलने की अपील की।



## सरकारी अस्पताल के प्रति बदल रहा लोगों का नजरिया

# जिला अस्पताल में सुविधाएं बढ़ने से ज्यादा आने लगे मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले का जिला अस्पताल अब केवल एक सरकारी स्वास्थ्य केंद्र नहीं, बल्कि आम जनता के विश्वास और बेहतर चिकित्सा सेवाओं का मजबूत प्रतीक बन चुका है। बीते कुछ वर्षों में यहां स्वास्थ्य सुविधाओं में जो उल्लेखनीय सुधार हुआ है, उसने न केवल जिले के लोगों का भरोसा बढ़ाया है, बल्कि निजी अस्पतालों के सामने भी एक सशक्त विकल्प के रूप में इसे स्थापित किया है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के सतत प्रयास, उनके मार्गदर्शन और सक्रिय पहल से अस्पताल में संसाधनों का विस्तार, नई मशीनों की उपलब्धता और व्यवस्थाओं में सुधार संभव हो पाया है।

वहीं वर्ष 2023 की तुलना में वर्ष 2025 तक लगभग हर प्रमुख स्वास्थ्य सेवा में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है, जो अस्पताल की कार्यप्रणाली, संसाधनों और सेवाओं की गुणवत्ता में आए सकारात्मक बदलाव को दर्शाती है। जिसमें जनवरी 2023 से दिसंबर 2023 तक ओपीडी में मरीजों की संख्या 1,19,557 रही वहीं जनवरी 2025 से दिसंबर 2025 के बीच यह संख्या बढ़कर 1,64,712 तक पहुंच गई। यह लगभग 45 हजार से अधिक की वृद्धि है, जो इस बात का संकेत है कि लोग अब जिला अस्पताल की सेवाओं पर अधिक भरोसा जता रहे हैं। इसी तरह आईपीडी के आंकड़ों में भी वृद्धि देखने को मिली है। वर्ष 2023 में जहां 11,742 मरीज भर्ती हुए थे वहीं 2025 में यह संख्या बढ़कर 13,253 हो गई। यह दर्शाता है कि गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए भी लोग अब निजी अस्पतालों की बजाय जिला अस्पताल को प्राथमिकता दे रहे हैं।




### प्रसव सेवाओं में भी आया सुधार

महिला एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में भी जिला अस्पताल ने उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्ष 2023 में जहां 3001 प्रसव हुए थे वहीं 2025 में यह संख्या बढ़कर 3,925 हो गई। इससे प्रतीत होता है कि इसमें वृद्धि से अस्पताल में मातृत्व सेवाएं अधिक सुरक्षित व भरोसेमंद और सुविधाजनक बनी हैं।

### सोनोग्राफी सेवाओं में क्रांतिकारी बदलाव

जिला अस्पताल की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक सोनोग्राफी सेवाओं में हुआ सुधार है। वर्ष 2023 में जहां केवल 874 सोनोग्राफी हुई थीं वहीं 2025 में यह संख्या बढ़कर 7,244 तक पहुंच गई। यह लगभग आठ गुना वृद्धि है जो न केवल उपकरणों की उपलब्धता बल्कि विशेषज्ञ डॉक्टरों और तकनीशियनों की बेहतर व्यवस्था को भी दर्शाती है। यह उपलब्धि जिला अस्पताल के लिए एक मील का पत्थर साबित हुई है।

### एक्स-रे व सिटी स्कैन और लैब टेस्ट में भी तेजी

एक्स-रे सेवाओं के तहत 2023 में 9,865 एक्स-रे किए गए थे जबकि 2025 में यह संख्या बढ़कर 13,920 हो गई। इससे स्पष्ट है कि डायग्नोस्टिक सेवाओं की उपलब्धता और गुणवत्ता दोनों में सुधार हुआ है। लैब टेस्ट के आंकड़े भी प्रभावशाली हैं। वर्ष 2023 में जहां 2,1,186 जांचें की गई थीं वहीं 2025 में यह संख्या बढ़कर 3,62,113 हो गई। यह लगभग डेढ़ गुना वृद्धि है साथ ही साथ जुलाई 25 से अब तक 1462 लोगों का सिटी स्कैन किया गया है।

# ओपन स्टेट कराटे प्रतियोगिता में कवर्धा के खिलाड़ियों का दबदबा

- खिलाड़ियों ने 09 गोल्ड, 11 सिल्वर व 22 ब्रांज प्राप्त किए।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा




विगत दिनों दिशा पब्लिक स्कूल का रायपुर में 11 एवं 12 अप्रैल को ओपन स्टेट कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया, जिसमे पूरे राज्यों से लगभग 450 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमे कबीरधाम जिले से 25 खिलाड़ी शामिल हुए जिसमे काता में प्रथम श्रेयम कौशिक, दुर्विस झारिया, सुधांशु चंद्रवंशी, द्वितीय स्थान तृषा पाली, प्रेरणा सिंह राजपूत, सुचित्रा सिंह, आदविक राय, अनिरुद्र सिंह, अंशिका चंद्रवंशी व तृतीय स्थान नित्या श्रीवास, श्रुति, काव्या सारस्वत, आरूही तिवारी, करण सारस्वत, जयवीर पटेल, आस्था राजपूत, रुचि पाली, श्रीजन डेकाटे, सोहम चंद्रवंशी तथा कुमिते में प्रथम अवनी गुप्ता, प्रेरणा सिंह, आदविक राय, दुर्विस झरिया, भावेश निषाद, आदेश कुमार व द्वितीय स्थान तृषा पाली, श्रेयम कौशिक, अनिरुद्ध सिंह, अंशिका चंद्रवंशी, आशीष केशरवानी तथा तृतीय स्थान नित्या श्रीवास, श्रुति, काव्या सारस्वत, आरूही तिवारी, सुचित्र सिंह, करण सारस्वत, जयवीर पटेल, सुधांशु चंद्रवंशी, आस्था राजपूत, रुचि पाली, श्रीजन डेकाटे, सोहम चंद्रवंशी सभी खिलाड़ी पुलिस विभाग के आरक्षक आकाश सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में करपात्री स्कूल में निरन्तर अभ्यास कर रहे है। जिस पर खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर कबीरधाम जिला कराटे संघ के पदाधिकारी गण, सहायक कोच मनीष निषाद, अजय सलाम, शैली पाली एवं समस्त अभिभावकों एवं खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं दी।

## कामठी में भाजपा का बस्ती चलो, गांव की ओर चलो अभियान



**हरिभूमि कुई-कुकदुर।** भाजपा के प्रदेश स्तरीय आह्वान पर पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के कुकदुर मंडल अंतर्गत ग्राम कामठी में बस्ती चलो, मोहल्ला चलो, गांव की ओर चलो अभियान के तहत बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन रंगमंच भवन में किया गया। जिसें बैठक में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से भेंटकर उनका सम्मान किया गया तथा आमजन से आत्मीय संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान केंद्र और राज्य सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और हितग्राहियों से फीडबैक लिया गया। वहीं कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, सम्मान निधि सहित विभिन्न योजनाओं पर चर्चा हुई। तथा राज्य सरकार की महतारी वंदना, मुफ्त राशन, बिजली बिल माफी और मजदूर हित योजनाओं की भी जानकारी दी गई। साथ ही साथ ग्रामीणों ने पक्का आवास, जल सुविधा और अन्य विकास कार्यों को लेकर संतोष जताया तथा जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### आस्था समिति ने भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती मनाई

**हरिभूमि कवर्धा।** आस्था समिति कवर्धा द्वारा ऊर्जा पार्क स्थित कार्यालय में भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर संस्था प्रमुख दौलत राम कश्यप ने बाबा साहब के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थें, संस्था प्रमुख श्री कश्यप ने अपने संबोधन में बाबा साहब के जीवन एवं उनके द्वारा भारतीय संविधान निर्माण में दिए गए अतुलनीय योगदान को विस्तार से स्मरण किया। उन्होंने बताया कि बाबा साहब को संविधान निर्माता के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने लगभग 2 वर्ष 11 माह 18 दिनों के अथक परिश्रम से देश का संविधान तैयार किया। उन्होंने आगे कहा कि बाबा साहब का जीवन समाज सेवा, सामाजिक परिवर्तन एवं अस्पृश्यता उन्मूलन के लिए समर्पित रहा है। उनके विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। हमें उनके आदर्शो पर चलते हुए संविधान एवं नियमों का पालन करना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों द्वारा संविधान की उद्देशिका, मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने मौलिक कर्तव्यों का पालन सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में बाबा साहब के संदेश शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर राजेश कुमार गोयल, राजेंद्र जांगड़े, यामिनी गंधर्व, सरोजनी उइके, लक्ष्मी गंधर्व, आरती, स्वाति, ज्योति कश्यप, रविता ठाकुर, ज्योति ठाकुर, राकेश एवं मोनिका सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# बैगा आदिवासी सड़क, पानी बिजली, राशन के लिए परेशान

## विकास के दावों की खुली पोल, कागजों तक सीमित योजनाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

बोड़ला ब्लॉक अंतर्गत ग्राम केशमरदा के आश्रित गांव गभोड़ा में पीएम जनमन योजना के तहत सड़क स्वीकृत हुए कई महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। सड़क की कमी के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गांव में रहने वाले बैगा आदिवासी परिवार पानी, बिजली, राशन और केवाईसी जैसी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं। हालात इतने गंभीर हैं कि दैनिक जीवन भी प्रभावित हो रहा है। जिसमें ग्रामीणजन गजरू बैगा, शिवलाल बैगा, सूकलाल बैगा, अर्जुन बैगा, बैसाखू बैगा, फूलबाई, लालिया बाई, टिकली सहित अन्य दर्जनों लोगों ने अपनी समस्याएं साझा करते हुए बताया कि गांव तक पहुंचने के लिए सड़क का न होना सबसे बड़ी समस्या है, ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने एवं बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है। योजनाओं का जमीन पर क्रियान्वयन इन समस्याओं का स्थायी समाधान हो सकता है। बैगा आदिवासी समुदाय का मानना है कि जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होगा वे विकास की मुख्यधारा से बाहर ही रहेंगे। बताया जाता है कि गांव में पक्की सड़क के अभाव में ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गांव में पक्की सड़क नहीं होने के कारण ग्रामीणों को रोजाना लंबी और कठिन रास्ता तय करना पड़ रहा है।

खासकर बारिश के मौसम में स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जब कीचड़ और गड्ढों से भरे रास्ते पर चलना जोखिम भरा हो जाता है। आपातकालीन परिस्थितियों में जैसे मरीज को अस्पताल ले जाना या बच्चों को स्कूल भेजना, ग्रामीणों के लिए बड़ी चुनौती बन जाता है। वहीं बाजार से जरूरी सामान लाना भी महंगा पड़ रहा है, क्योंकि गांव तक परिवहन की कोई सुगम व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। हालांकि, प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) के तहत इस गांव के लिए सड़क स्वीकृत हो चुकी है, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क स्वीकृत होने के बावजूद काम शुरू नहीं होना चिंता का विषय है।

## 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ



**हरिभूमि कुण्डा।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पेन्ड्रीकला-रापा में स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ मंदिर से मंगलवार को 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के उपलक्ष्य में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस धार्मिक यात्रा में जिलेभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। विशेष रूप से लगभग 700 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर नगर भ्रमण किया, जिससे पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। गायत्री परिवार द्वारा आयोजित यह महायज्ञ 14 से 17 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। चार दिवसीय इस आयोजन में कवर्धा जिले सहित आसपास के अन्य जिलों से भी श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजन को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पहले ही पूरी कर ली गई हैं। कलश यात्रा के दौरान महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर सड़कों पर निकलीं और ऑडियो के माध्यम से गायत्री मंत्र की धुन गूंजती रही। यात्रा गायत्री मंदिर पेन्ड्रीकला से प्रारंभ होकर नदी तक पहुंची, जहां जल भरकर पुनः मंदिर तक शोभायात्रा निकाली गई।

# संस्कृति महिला ग्रुप ने सिमरप्रीत कौर को सिविल जज बनने पर दी बधाई, बढ़ाया नगर का मान

- छत्तीसगढ़ सिविल जज परीक्षा में 11वीं रैंक प्राप्त किया, प्रथम प्रयास मे मिली सफलता।

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया



पंडरिया नगर के लिए बहुत ही गर्व की बात है कि नगर की एक बेटी सिमरप्रीत कौर सलूजा ने छत्तीसगढ़ सिविल जज परीक्षा के प्रथम प्रयास में ही चयनित होकर अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। नगर के गुरु कृपा हार्डवेयर एवं श्री कलेक्शन के संचालक चरणजीत सिंह सलूजा एवं श्रीमती जसमीत कौर की होनहार सुपुत्री सिमरप्रीत कौर ने अपने परिजनों का मान बढ़ाया। जिस पर संस्कृति महिला ग्रुप की ओर से अध्यक्ष अर्चना सिंह, शैल बिसेन, उर्वशी चंद्रवंशी एवं सोनिया बरगाह ने सिमरप्रीत से भेंटकर उनके शानदार सफलता के लिए बधाई एवं उत्तरोत्तर उत्कृष्ट प्रगति के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। मुलाकात में बातचीत के दौरान सिमरप्रीत ने बताया कि बचपन से ही उनकी रुचि इस क्षेत्र में जाने की रही थी, जिसके लिए उन्होंने इस दिशा में दृढ़ विश्वास के साथ सुनियोजित एवं निरंतर परिश्रम करती रही और अनेक विषम परिस्थितियों के बावजूद भी बिना निराश हुए प्री, मेन्स और इंटरव्यू के चरणों को पार किया। उन्होंने बताया कि उन्हें हर कदम पर अपने परिजनों का साथ, प्रोत्साहन एवं प्रेरणा मिलती रही है। इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए उनके माता-पिता ने भी उस पर अटूट विश्वास रखते हुए हर संभव सहयोग किया है। जिस पर संस्कृति महिला ग्रुप की ओर से स्मृति स्वरूप सिमरप्रीत कौर को श्री गुरु नानक देव का छायाचित्र भेंट किया गया और इच्छा जाहिर की गई कि सिमरप्रीत बेटा भी अपने जीवन में श्री गुरु नानक देव के आदर्शो पर चलकर जीवन के उच्चतम आयाम को प्राप्त करें इस हेतु पुनः शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान अनुराग ठाकुर, प्रफुल्ल बिसेन, शंकर चंद्रवंशी, अशोक शर्मा एवं अतुल बरगाह उपस्थित थें।

## ब्लॉक कांग्रेस ने धूमधाम से मनाई डॉ. अंबेडकर जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर पंडरिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा गुप्ता सामुदायिक भवन में श्रद्धा और उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब के तैलचित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद विचार-गोष्ठी आयोजित हुई, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। इस दौरान पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष राधेलाल भास्कर, ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम साहू, जिला महामंत्री मनीष शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थें। ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम साहू ने कहा कि बाबा साहब ने देश को संविधान देकर समानता, न्याय और मतदान का अधिकार दिया, उन्होंने कार्यकर्ताओं से बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और संविधान की रक्षा के लिए संकल्प लेने का आह्वान किया। पूर्व जिलाध्यक्ष राधेलाल भास्कर ने कहा कि बाबा साहब पूरे देश के मसीहा थे और उनकी सोच से ही भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र बना। जिला महामंत्री मनीष शर्मा ने कहा कि संविधान ही देश की एकता और व्यवस्था की आधारशिला है।

## दामापुर बाजार में संविधान निर्माता डॉ. भीमराम अम्बेडकर जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

दामापुर बाजार में मंगलवार को भारत रत्न डॉ भीम राव अम्बेडकर की जयंती के पावन अवसर पर बाबा साहब के तैलचित्र पर पुष्पगुच्छ भेंटकर मनाई गई। इस अवसर पर बाबा साहब को अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जनपद सदस्य मोहन कुर्रे ने कहा की बाबा साहब में बचपन से ही प्रतिभा थी, जीवन में काफी संघर्ष के बावजूद उन्होंने उच्च शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने बॉम्बे यूनिवर्सिटी, कोलंबिया यूनिवर्सिटी (न्यूयॉर्क) और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से अर्थशास्त्र और कानून में डिग्री प्राप्त की देश को एक धागे में पिरोने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अश्वनी यदु ने कहा की डॉ भीमराव अम्बेडकर संविधान के मुख्य शिल्पकार, महान समाज सुधारक, अर्थशास्त्री और स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री थे, बाबा साहेब के नाम से प्रसिद्ध, उन्होंने अछूत प्रथा और जातिगत भेदभाव के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया और दलितों, महिलाओं व श्रमिकों के अधिकारों के लिए आवाज उठाई। इस अवसर पर मोहन कुर्रे, अश्वनी यदु, पुकल सिंह राजपूत, सुमन ढीमर, नारायण साहू, पुरुषोत्तम, जगदीश साहू, राजेश राजपूत एवं ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

### जीवन में काशी वास, संत का संग, भारत में जन्म और शिव का पूजन दुर्लभ है

# सलधा शिवलिंग और नित्य दान से हर परिवार हर घर को जुड़ना चाहिए : ज्योतिर्मयानंद सरस्वती



हरिभूमि न्यूज ⏭स/लोहारा

ग्राम बिरनपुर कला में आयोजित गौ-प्रतिष्ठा महायज्ञ एवं श्रीशिव महापुराण कथा के सातवें दिन में दण्डी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि जीवन में काशी वास, संत का संग, भारत में जन्म और शिव का पूजन दुर्लभ है। जिनके अंदर सब समाया हुआ है वो शिवलिंग है शिवलिंग की पूजा करने से सभी देवी-देवताओं की पूजा हो जाती है। जो शिवलिंग की स्थापना कराता है और पूजन की व्यवस्था करता है उसे मोक्ष मिलता है। सत्य भगवान का स्वरूप है। सदैव सत्य बोलना और इसी के अनुसार जीवन यापन करना, सत्य के समान धर्म नहीं है। जीवन में कष्ट और विपत्ति आती है यदि इस विपत्ति का विवेकपूर्ण सामना किया जाए तो जीवन में महानता आती है। दान और शास्त्रोक्त नित्य दान का वर्णन करते बताया गया कि शिवपुराण के विद्येश्वर संहिता में इसका उल्लेख है, सामान्य दिन में दान से एक गुना पुण्य फल मिलता है, अमावस्या में सौ गुना, कर्क संक्रांति में हजार गुना, मकर संक्रांति में दस हजार गुना, चंद्र और सूर्य ग्रहण में लाख गुना फल जन्म नक्षत्र और व्रत के दूसरे दिन लाख गुना पुण्य मिलता है। नित्य दान के द्वारा इन सभी तिथियों में दान करने का फल मिलता है। सवा रुपए रोज के हिसाब से साल में एक बार 450 रुपए का दान होता है आजीवन 45000 है। घर के हर सदस्य को नित्य दान करना चाहिए। ये दान की राशि शंकराचार्य आश्रम में जाती है। पं आनंद उपाध्याय कवर्धा वाले के पास नित्य दान की राशि जमा कर नित्य दान के पावन प्रकल्प से जुड़े। सवालाख शिवलिंग से सभी को जुड़ना है इसके लिए कवर्धा के श्री राम मंदिर, श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर और पं आनंद उपाध्याय कवर्धा के पास 51 सौ रुपए जमा कर के अपने नाम से शिवलिंग की स्थापना करा सकते हैं।

